# कुछ ही मिनटों में उजड़ गईं खुशियां

- इंजीनियर की पढ़ाई कर रहा था छात्र
- मामा की भावुक अपील, बच्चों का रखे ख्याल, न जाने दें अकेला



**नवभारत न्यूज**
**विदिशा 23 मई, गर्मी से राहत पाने के लिए बेतवा नदी में नहाने गए 21 वर्षीय छात्र की डूबने से मौत हो गई. कुछ ही मिनटों में हुए इस हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं और पीछे जिंदगी भर का गम छोड़ गया. मृतक अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था. घटना के बाद पूरे इलाके में शोक का माहौल है. जानकारी के मुताबिक सहज उर्फ श्रवण तले शनिवार सुबह करीब 10 बजे अपने दो दोस्तों के साथ बेतवा नदी में नहाने पहुंचा था. भीषण गर्मी के चलते तीनों दोस्त नदी में उतर गए.**नहाते समय सहज अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा. उसके दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह कुछ ही पलों में पानी में समा गया. घटना की सूचना मिलते ही होमगार्ड के जवान मौके पर पहुंचे और काफी प्रयास के बाद युवक को नदी से बाहर निकाला गया. इसके बाद उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. मृतक एसएटीआई कॉलेज का सेकेंड ईयर का छात्र था. बताया जा रहा है कि वह पढ़ाई में अच्छा था और परिवार की उम्मीदों का सहारा था. उसके पिता निजी नौकरी करते हैं और परिवार की आर्थिक स्थिति सामान्य बताई जा रही है. बेटे की अचानक मौत से परिवार सदमे में है. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है.

### मामा ने की अभिभावकों से अपील

मृतक के मामा विशाल चौधरी ने कहा कि परिवार की स्थिति सामान्य है और सहज घर का इकलौता बेटा था. उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि बच्चों को अकेले नदी, तालाब या खदानों में न जाने दें. थोड़ी सी लापरवाही कभी-कभी बहुत बड़ा हादसा बन जाती है. उन्होंने कहा कि गर्मी के दिनों में बच्चे और युवा बिना खतरे को समझे गहरे पानी में उतर जाते हैं, जिससे जान का जोखिम बढ़ जाता है.कोतवाली एएसआई मोहम्मद शाहिद ने बताया कि पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

## भाटनी ग्राम में श्मशान भूमि चिन्हित

**विदिशा,** विदिशा तहसील के ग्राम भाटनी में ग्रामीणों की सुविधा एवं आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए राजस्व विभाग द्वारा शमशान हेतु भूमि का चिन्हांकन कार्य पूर्ण कर लिया गया है.राजस्व विभाग की टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर निर्धारित भूमि का सीमांकन एवं सत्यापन किया गया. कार्रवाई पूरी होने के बाद संबंधित भूमि का विधिवत कब्जा ग्राम पंचायत भाटनी को सौंप दिया गया.प्रशासन द्वारा की गई इस पहल से भविष्य में अंतिम संस्कार संबंधी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने में सुविधा मिलेगी. ग्रामीणों ने प्रशासन की इस कार्रवाई पर संतोष व्यक्त करते हुए इसे जनहित में महत्वपूर्ण कदम बताया है.प्रशासनिक अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत को आवश्यक अभिलेखीय प्रक्रिया पूर्ण कर भूमि हस्तांतरित की गई है.

# लक्ष्य से अधिक गेहूं खरीदी से बढ़ा बारदाना संकट

जिले में इस साल समर्थन मूल्य पर हुई रिकार्ड गेहूं खरीदी
बारदाने की कमी से जूझ रहे अधिकांश खरीदी केन्द्र



**नवभारत न्यूज**
**सीहोर 23 मई. समर्थन मूल्य पर इस बार जिले में गेहूं खरीदी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं. अब तक 7 लाख 27 हजार टन से अधिक गेहूं खरीदा जा चुका है. सरकार ने खरीदी की अंतिम तारीख 23 मई से बढ़ाकर 28 मई कर दी, लेकिन लक्ष्य से अधिक खरीदी होने के कारण अब बारदाने का गंभीर संकट खड़ा हो गया है.**

हालात यह हैं कि जिला मुख्यालय के खरीदी केंद्रों पर किसान पिछले तीन दिनों से ट्रैक्टर-ट्रॉली में गेहूं लेकर खड़े हैं, लेकिन बारदाना नहीं होने से उनकी उपज का तौल नहीं हो पा रहा है.

भीषण गर्मी के बीच किसान मंडी के टीन शेड के नीचे दिन-रात गुजारने को मजबूर हैं. कई किसान होटल से खाना मंगाकर खा रहे हैं, जबकि छोटे बच्चे भी उनके साथ खुले शेड में परेशान हो रहे हैं. केंद्रों पर व्यवस्थाओं की कमी को लेकर किसानों में भारी नाराजगी देखी जा रही है.

शनिवार दोपहर मंडी स्थित वेयरहाउस खरीदी केंद्र पर कई किसान शेड के नीचे बैठे नजर आए. रोला गांव के किसान राधेश्याम मेवाड़ा ने बताया कि वे तीन दिन से गेहूं की ट्रॉली लेकर खड़े हैं, लेकिन बारदाना नहीं होने से तौल नहीं हो सका. दोराहा के शिवप्रसाद मालवीय ने बताया कि वे गुरुवार रात 10 बजे ही उपज लेकर मंडी पहुंच गए थे, लेकिन अब तक नंबर नहीं आया. जहांगीरपुरा के किसान मानसिंह ने कहा कि तीन दिन से इंतजार कर रहे हैं, लेकिन व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही.

खंडवा गांव के किसान घनश्याम मीणा ने बताया कि वे पिछले तीन दिन से मंडी शेड के नीचे रह रहे हैं.

# 100% हाउस लिस्टिंग पूरी, किराएदारों पर खींचतान



**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा 23 मई, का. देश की पहली डिजिटल जनगणना के पहले चरण में हाउस लिस्टिंग यानी मकान सूचीकरण का काम पूर्ण हो चुका है. तय समय सीमा से 10 दिन पहले जिले में 102 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है. इस काम को पूर्ण करने की अंतिम समय सीमा 30 मई भारत सरकार द्वारा निर्धारित की गई है. 20 मई तक जिले में हाउस लिस्टिंग का काम पूरा हो चुका है लेकिन बावजूद इसके प्रशासन बचे हुए 10 दिनो में क्वालिटी डेटा पर फोकस करते हुए अपने 40 प्रतिशत काम को रिचैक करने जा रहा है.**

यह रैण्डम चैकिंग क्वालिटी डेटा के लिए की जा रही है. समय से पहले अपने काम को पूरा करने के साथ प्रशासन की कोशिश है कि क्वालिटी डेट सरकार तक भेजा जाए जिसे योजनाओं और बजट को सटीकता से मूर्त रूप मिल सके.

### क्वालिटी डेटा से मिलेगी मदद

हमने समय से पूर्व ही डिजिटल जनगणना कार्य में 102 प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति कर ली है . फिर भी हम रैण्डम चैंकिंग कर रहे है . क्योंकि हमारे पास अभी समय शेष है . 30 मई तक फायनल डाटा सबमिट करना है . कुछ तकनीकि खामियां सामने आई जिन्हें हम सही कर रहे है . इसका उद्देश्य सिर्फ क्वालिटी डाटा सरकार तक भेजना है .



# मतदाता सूची की जांच करें, गड़बड़ी मिलने पर आपत्ति दर्ज कराएं : जाटव

**नवभारत न्यूज**
**सागर 23 मई. जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष महेश जाटव ने कांग्रेस कार्यालय में बैठक ली.**

बैठक में श्री जाटव ने कहा कि सभी मिलकर मतदाता सूची की जांच करें और जहां भी लिस्ट में गड़बड़ी मिलें उस पर आपत्ति दर्ज कराई जावे, कोई परेशानी हो तो कार्यालय में संपर्क करें. इस अवसर पर जितेंद्र रोहण, शरद पुरोहित, जमुना सोनी, राजाराम सरवैया, ब्लॉक अध्यक्ष, वीरेंद्र राजे, हेमराज रजक, नरेंद्र मिश्रा, सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, रमाकांत यादव, आनंद हेला, पार्षद नीलोफर चमन अंसारी, ताहिर खान, रोशनी खान, सागर साहू, कमलेश तिवारी, डॉ संदीप सबलोक, नीलेश अहिरवार, एड. सुनील ठाकुर, देशराज यादव आदि मौजूद थे.

# गायत्री परिवार के महायज्ञ में रोज जुट रहे श्रद्धालु



**आमला। क्षेत्र के ग्राम कुटखेड़ी में अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में आयोजित नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं श्रीमद प्रज्ञापुराण कथा इन दिनों श्रद्धा और भक्ति का केंद्र बना हुआ है। कार्यक्रम में दूर-दराज से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं।**

पूरे गांव में धार्मिक और आध्यात्मिक माहौल देखने को मिल रहा है।महायज्ञ में श्रद्धालु भक्त विधि-विधान से हवन-पूजन कर रहे हैं तथा श्रीमद प्रज्ञापुराण कथा श्रवण कर आत्मिक शांति का अनुभव कर रहे हैं। ग्रामवासियों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए दोनों समय भोजन प्रसाद की व्यवस्था भी की जा रही है, जिससे सेवा और समर्पण की भावना दिखाई दे रही है। अमुना यादव ने बताया कि प्रतिदिन लगभग 500 से अधिक श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। वहीं भजन संध्या में गायक सन्मुख एवं तबला मास्टर प्रवेश के साथ छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए भक्ति गीतों ने वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों पर ग्रामीण श्रद्धालु भक्ति रस में झूम उठे।गांव के लोगों द्वारा उत्साह और हर्षोल्लास के साथ इस धार्मिक आयोजन में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई जा रही है।



# भीषण गर्मी की चपेट में सांची, तापमान 41 डिग्री

**नवभारत न्यूज**
**सांची . नगर सहित पूरे क्षेत्र में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी अब आमजन के लिए गंभीर परेशानी का कारण बनती जा रही है. तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने से जनजीवन प्रभावित होने लगा है. आग उगलती धूप और गर्म हवाओं ने लोगों को घरों में रहने पर मजबूर कर दिया है. हालात ऐसे हैं कि पंखे और कूलर भी राहत देने के बजाय गर्म हवा फेंकते नजर आ रहे हैं, वहीं बिजली की आंखमिचौली लोगों की मुश्किलें और बढ़ा रही है.**

दोपहर के समय बाजारों में सन्नाटा पसरा दिखाई दे रहा है. जरूरी काम से बाहर निकलने वाले लोग भी तेज धूप और लू से बेहाल नजर आ रहे हैं. नगर के प्रमुख चौराहों और बाजारों में लोग छांव और ठंडे पानी की तलाश करते दिखाई दे रहे हैं. शाम तक भी तापमान 41 डिग्री के आसपास बने रहने से लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है. लू के थपेड़ों का असर बढ़ने से बीमारियों के फैलने की आशंका भी बढ़ गई है.

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि एक समय सांची क्षेत्र घने पेड़-पौधों और हरियाली के लिए जाना जाता था, लेकिन लगातार हो रही पेड़ों की कटाई और तेजी से बढ़ते शहरीकरण के कारण हरियाली खत्म होती जा रही है. वर्षों से वृक्षारोपण अभियान चलाए गए.

### आने वाले दिनों में बढ़ेगा गर्मी का असर

नागरिकों ने राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के दौरान बड़ी संख्या में काटे गए पेड़ों का मुद्दा भी उठाया. लोगों का कहना है कि निर्माण एजेंसी ने कटे हुए पेड़ों के बदले अधिक पौधे लगाने का आश्वासन दिया था, लेकिन निर्माण कार्य पूरा होने के बाद यह वादा अधूरा रह गया. आज भी सड़क किनारे पड़े सूखे ठूंठ उजड़ी हरियाली की कहानी बयां कर रहे हैं .मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में गर्मी का असर और बढ़ सकता है. ऐसे में नागरिकों ने प्रशासन से प्रभावी वृक्षारोपण अभियान चलाने, और हरियाली बचाने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

## जेल में लगा विधिक जागरुकता शिविर

**सीहोर.** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष संजीव कुमार अग्रवाल ने जिला जेल का निरीक्षण किया. इस दौरान जेल में विधिक जागरूकता शिविर भी आयोजित किया गया. शिविर में बंदियों के अधिकारों, विधिक सहायता, एवं तहसील न्यायालय से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक विधिक सहायता प्राप्त करने की जानकारी दी गई. निरीक्षण के दौरान विधिक सहायता से अधिवक्ता नियुक्ति, अपील प्रस्तुति, जमानत आवेदन प्रस्तुति, जमानत के बाद एवं सजा पूरी होने के बाद भी जेल में निरुद्ध बंदियों के बारे में जानकारी ली. उन्होंने पाकशाला, जेल लीगल एड क्लीनिक, मुलाकाती लीगल एड हेल्प डेस्क, जेल डिस्पेंसरी पानी एवं रोशनी की व्यवस्था का जायजा लिया.

# ओपन डक्ट की नहीं हो रही सफाई

## ओपन डक्ट पर नहीं रखे गए हल्के पेफरेटेड प्रीकास्ट ढक्कन



**नवभारत न्यूज**
**सागर 23 मई. बुंदेलखंड के संभागीय मुख्यालय सागर स्मार्ट सिटी के वार्डो मे स्मार्ट सिटी के माध्यम से ही ओपन डक्ट बनाई गई थी. जिससे कि साफ सफाई हो सके. मगर आलम यह है कि ओपन डक्ट की सफाई समय पर नही होने के कारण गंदा पानी एकत्रित हो रहा है और गंदगी के साथ साथ मच्छर पनप रहे है.**

मालूम हो कि स्मार्ट सिटी में सागर के शामिल होने के बाद सागर नगर में प्रमुख मार्गो के सड़क चौड़ीकरण के साथ साथ वार्डो के अंदर नाली निकासी की उचित व्यवस्था कराने के उद्देश्य से नवीन निर्माण कार्य कराए गए.

निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने दो वर्ष पूर्व कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात विभागीय बैठक मे निर्देश दिए थे कि ओपन डक्ट पर कम वजन वाले पेफरेटेड प्रीकास्ट ढक्कन रखे ताकि समय समय पर आसानी से ढक्कन हटाकर नालियो की साफ-सफाई की जा सके और स्वच्छता सुनिश्चित हो.

शिवाजी वार्ड के बालक हिल व्यू मे जैन मंदिर के आसपास ओपन डक्ट का निर्माण कराया गया, जिससे नाली की साफ-सफाई हो सके. मगर नाली की साफ-सफाई पर सफाईकर्मियों का ध्यान नही जा रहा.

# आग की लपटों में जलकर खाक हुआ गृहस्थी का सामान

**नवभारत न्यूज**
**अशोकनगर/ पिपरई। तहसील मुख्यालय से करीब 9 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम गरेंठी में शनिवार दोपहर एक मकान में अचानक से आग लग गई, इस आगजनी की लपटे इतनी ज्यादा तेज थी कि आसपास के लोगों में भय का महौल देखा गया। जिसके बाद फायर विग्रेड को सूचना दी, इसके बाद मौके पर पहुंची फायर विग्रेड ने आग पर काबू पाया।**



जब तक फायरविग्रेड ने आग बुझाई, जब तक घर में रखा सारा सामान जलकर खाक हो चुका था। बताया जा रहा है कि इस घर में दो भाई और उनका परिवार निवास करता था।

जानकारी के मुताबिक पुष्पा वाई पत्नी बृजभान सेन के घर में अज्ञात कारणों के कारण आग लग गई। जिससे घर गृहस्थी का लाखों का सामान एवं नगदी रुपए सहित जल कर राख हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग की लपटें इतनी भयानक थी कि आस पास रहने बाले लोगों के घरों में भी में भी चीख पुकार देखी गई। आग की लपटें इतनी ऊंची थी कि लोग घरों से बाहर निकल कर खुद को सुरक्षित स्थान ढूंढते नजर आए। ओर जल्दी आग पर काबू पाने की कोशिश करते रहे। ग्राम के ही राजेंद्र सोलंकी ने नगर परिषद पिपरई की फायर विग्रेड को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची फायर विग्रेड ने आग पर काबू पाया। पुष्पा वाई सेन बताया कि हमारा गरीब परिवार हे। हमारे परिवार में 12 सदस्य हे पूरे साल खाने को गेहूं,नगदी रुपए सहित कपड़े लते सहित गृहस्थी का पूरा सामान जल गया, अब कैसे जीवनयापन होगा। मौके पर ग्रामीणों की मदद के साथ नगर परिषद की दमखल ने आग पर काबू पाया।

श्रमदान | जल गंगा संवर्धन के तहत श्रमदान अभियान

# तालाब में श्रमदान कर लिया विरासत के संरक्षण का संकल्प



**नवभारत न्यूज, मोहनगढ़।**
**प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल स्त्रोत सेवा समागम कार्यक्रम के तहत शनिवार को जतारा जनपद की ग्राम पंचायत दरगाय खुर्द में स्थित तालाब में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मोहनगढ़ तहसीलदार सावंत सिंह के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, युवाओं और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान कर जल संरक्षण का सशक्त संदेश दिया।**

इस अवसर पर प्रभारी तहसीलदार सावंत सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में जल संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देने के लिए प्रभावी अभियान चलाए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य केवल जल स्त्रोतों का संरक्षण ही नहीं, बल्कि समाज में प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना भी है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक स्थल पर श्रमदान करने का अवसर मिलना सौभाग्य की बात है और यह केवल श्रमदान नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक विरासत के संरक्षण का संकल्प है। तहसीलदार ने कहा कि हर जल स्त्रोत हमारे लिए मां गंगा के समान है, इसलिए इनकी सेवा और संरक्षण श्रद्धा के साथ किया जाना चाहिए।

जल है तो जीवन है केवल एक संदेश नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि एक समय था जब गांवों में कुओं से सहज रूप से पर्याप्त जल उपलब्ध हो जाता था, लेकिन आज जल स्तर लगातार नीचे जा रहा है और कई स्थानों पर 100 फीट से अधिक गहराई में भी पानी नहीं मिल रहा। यह स्थिति संकेत देती है कि यदि हम अभी नहीं चेते तो आने वाली पीढ़ियों को जल संकट का गंभीर सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि समाज के छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े बदलाव की नींव बनते हैं और जनभागीदारी से ही ऐसे अभियान सफल होते हैं।

### इनकी रही मौजूदगी

शनिवार को जतारा जनपद की ग्राम पंचायत दरगांय खुर्द में स्थित तालाब में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मोहनगढ़ तहसीलदार सावंत सिंह के श्रमदान कार्यक्रम में दरगांय खुर्द सरपंच श्रीमती विमला केवट, सरपंच प्रतिनिधि संतोष केवट, ग्राम पंचायत सचिव शेख सगीर, रोजगार सहायक राकेश केवट के साथ ग्रामवासी मौजूद रहे। इस मौके पर प्रभारी तहसीलदार ने सभी को जल सरंक्षण महत्व को बताया ।

## गंगा दशहरा पर जिले में होंगे स्वच्छता कार्यक्रम

**राजगढ़ 23 मई, का.** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशहरा पर्व के अवसर पर 25 मई को जिलेभर में व्यापक स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा. कार्यक्रमों के सफल आयोजन को लेकर कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए सभी गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं. मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, भोपाल के दिशा-निर्देशानुसार आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों में श्रमदान, साफ-सफाई, जल स्त्रोतों का संरक्षण, दीपदान गतिविधियां आयोजित की जाएंगी.

## एक नजर में




### कॉलेज चलो अभियान में सहायता केंद्र सक्रिय

**इछावर .** नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय स्नातक महाविद्यालय में कॉलेज चलो अभियान द्वितीय चरण अंतर्गत प्राचार्य डॉ. सुनीता यादव एवं प्रवेश नोडल अधिकारी डॉ. कलावती गाडरिया के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा हेतु कॉलेज में प्रवेश लेने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है .स्कूलों में प्राचार्य एवं अभिभावकों से संपर्क एवं 12वीं पास विद्यार्थियों को कॉलेज में प्रवेश हेतु ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी दी गई . एनएसएस इकाई अधिकारी डा. अरविंद बैस के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के दल द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में जाकर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से संपर्क एवं संवाद किया गया .

### जनगणना प्रचार रथ को दिखाई हरी झंडी

**टीकमगढ़।** जिले में जनगणना-2027 के प्रारंभिक चरण के अंतर्गत 30 मई 2026 तक मकानों की गणना एवं मकानों के सूचीकरण का कार्य लगातार जारी है। आमजन को जनगणना के प्रति जागरूक करने और आवश्यक जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी विवेक श्रोत्रिय ने आज स्थानीय सर्किट हाउस से जनगणना प्रचार रथ एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान कलेक्टर श्रोत्रिय ने बताया कि यह प्रचार रथ जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में पहुंचकर जनगणना से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी आमजन तक पहुंचाएगा तथा लोगों को जनगणना कार्य में सहयोग के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि जिले में प्रथम चरण के अंतर्गत मकानों के सूचीकरण का कार्य सुचारू रूप से संचालित हो रहा है और निर्धारित समयसीमा के पूर्व ही जिले में शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की जा चुकी है तथा सभी प्रगणक और संबंधित अधिकारी पूरी सक्रियता के साथ कार्य में जुटे हुए हैं। इस अवसर पर जिला योजना अधिकारी रामबाबू गुप्ता सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### तंवर समाज की बैठक 28 को

**राजगढ़ .** तंवर समाज जागरूकता सेवा समिति एवं सतगुरु कबीर आश्रम सेवा समिति ग्राम मगनियाखेड़ी के तत्वावधान में 28 मई गुरुवार को सामाजिक बैठक का आयोजन किया जाएगा . बैठक में समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर रोक लगाने और युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से नशा मुक्ति अभियान की शुरुआत की जाएगी . कार्यक्रम सुबह 11 बजे ध्वज पूजन के साथ प्रारंभ होगा . इसके बाद सामाजिक बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार, सामाजिक कुरीतियों पर रोक तथा समाज के संगठन को मजबूत बनाने जैसे विषयों पर चर्चा होगी . दोपहर में भोजन प्रसादी एवं रात्रि में भजन संध्या का आयोजन भी रखा गया है . समिति पदाधिकारियों ने समाज के सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है .

### उत्कर्ष अभियान के तहत शिविर आयोजित

**बैतूल।** भारत सरकार के जनजातीय मंत्रालय और मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने और शासकीय योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाने के लिए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जिले में 18 मई से 25 मई तक जनजातीय समुदाय के लिए लाभार्थी संतृप्ति शिविर जनभागीदारी-सबसे दूर, सबसे पहले का आयोजन किया जा रहा है। जनजातीय कार्य विभाग सहायक आयुक्त ने बताया कि अभियान के अंतर्गत जिले के 10 विकासखंडो में कुल 112 शिविरों का आयोजन किया गया। जिसमें जनजातीय क्षेत्रों के पात्र हितग्राहियों को शिविरों में विभिन्न विभागों के समन्वय से विभिन्न योजना से लाभान्वित किया गया। जिसमें आधार कार्ड 31, तपेदिक जांच 6, आयुष्मान भारत कार्ड 09, जाति प्रमाण पत्र 07, किसान क्रेडिट कार्ड 06, पेंशन योजना 210, पीएम गरीब किसान अन्न योजना 14, पीएम जनधन योजना 03, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना 02, पीएम किसान सम्मान निधि योजना 14, पीएम मातृ वंदना योजना 03, पीएम सुरक्षा बीमा योजना 07, पीएम उज्जवला योजना 11, पीएम विश्वकर्मा 37, राशन कार्ड 95, सिकल सेल परीक्षण 03 का लाभ प्रदान किया गया।